हे डमरूधरी भोले भंडारी

इतना सा केवल मुझको वरदान दीजिए,
अपने चरणों में रहने का प्रभु स्थान दीजिए,
हे डमरूधरी भोले भंडारी.....

चाहे सुख देना मुझको चाहे तुम दुःख ही देना,
लेकिन अपनी कृपा से मुझको दूर ना तुम करना....-2
मेरी सेवा का मुझको ये ईनाम दीजिए,
अपने चरणों में रहने का प्रभु स्थान दीजिए,
हे डमरूधरी भोले भंडारी.....

तेरा नाम कभी ना भूलूं मैं कैसे भी हो हालात,
अपने ही हाथो में रखना भोले मेरी बिगड़ी बात....-2
इतना सा केवल मुझ पर एहसान कीजिए,
अपने चरणों में रहने का प्रभु स्थान दीजिए,
हे डमरूधरी भोले भंडारी.....

जब तक तन में हो सासे मैं तेरा गुणगान करूं,
अपना सारा ही जीवन शिव शंकर तेरे नाम करूं....-2
मेरी इस अर्जी पर भोले जरा ध्यान दीजिए,
अपने चरणों में रहने का प्रभु स्थान दीजिए,
हे डमरूधरी भोले भंडारी.....

मेरे सर पर भोले शंकर अब तू रख दो अपना हाथ,
अपनी कृपा की मुझ पर तुम अब कर भी दो बरसात...-2
मेरे मन की पीड़ा को अब पहचान लिजिए,
अपने चरणों में रहने का प्रभु स्थान दीजिए,
हे डमरूधरी भोले भंडारी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25107/title/hey-damrudhaari-bhole-bhandari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |